प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज नई दिल्ली में कांग्रेस की नई प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा वे कई कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री प्रदेश से जुड़े मुद्दों को लेकर कई केन्द्रीय नेताओं से भी मुलाकात कर सकते हैं।

रेलवे उपाय

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए उत्तर रेलवे ने कई उपाय किए हैं। रेलवे ने एक बयान में कहा कि प्रयागराज जाने वाली सभी विशेष ट्रेनें नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 16 से संचालित की जाएंगी और इसके लिए प्रवेश और निकास अजमेरी गेट की तरफ से होगा। भीड़ को एक प्लेटफॉर्म पर जमा होने से रोकने के लिए ऐसा किया गया है। बाकी सभी प्लेटफॉर्म से नियमित ट्रेनों का परिचालन जारी रहेगा। इसके अलावा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है। भीड़ की स्थिति के दौरान पूछताछ और यात्री सहायता के लिए लोग रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 का उपयोग कर सकते हैं।

होम स्टे

चंबा जिला के होम स्टे संचालक संघ ने सरकार द्वारा हाल ही में बढ़ाए गए होम स्टे पंजीकरण शुल्क का विरोध किया है। इस संबंध में आयोजित संघ की बैठक में होम स्टे संचालकों ने कहा कि जिला में करीब तीन सौ होम स्टे हैं जिनमें 70 ऐसे होम स्टे हैं जहां पर पर्यटकों की आवाजाही न के बराबर है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अन्य होम स्टे में भी बहुत कम पर्यटक पहुंचते हैं और ऐसे में सरकार को पंजीकरण फीस बढ़ाने सहित अन्य जटिलताओं को समाप्त करना चाहिए। होम स्टे संचालकों ने सरकार से मांग की है कि नई होम स्टे नीति के बारे में दोबारा विचार कर संचालकों को राहत पहुंचाई जाए।

फास्टैग

फास्टैग का नया नियम आज से लागू हो गया है। इसके तहत जिन भी यूजर्स के फास्टैग में कम बैलेंस, भुगतान में देरी या फिर फास्टैग ब्लैकलिस्ट होगा उनपर अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा। इस नियम को लागू करने के पीछे सरकार का उद्देश्य फास्टैग में होने वाली परेशानी के कारण टोल पर वाहनों की लंबी कतारों को कम करना है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के ताजा आंकड़ों के अनुसार दिसंबर में फास्टैग लेनदेन की संख्या 6 प्रतिशत बढ़कर 38 करोड़ 2 लाख हो गई है।

टीचिंग डे

प्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूलों में टीचिंग डे बढ़ाने के साथ–साथ बैग फ्री डे शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा शिक्षा विभाग ने बीती शाम को शैक्षणिक कलेंडर व छुट्टियों की शेड्यूल भी जारी कर दिया है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे सहयोगी।

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अब विद्यार्थी हर शनिवार को बिना बैग के स्कूल आएंगे। इस दिन विद्यार्थियों को स्वच्छता, सड़क सुरक्षा, आपदा प्रबंधन सहित विभिन्न विषयों की जानकारी दी जाएगी। नए शैक्षणिक सत्र से अब 185 टीचिंग डे के बजाय 2 सौ 43 टीचिंग डे होंगे। शीतकालीन छुट्टियों वाले स्कूलों में एक जनवरी से 11 फरवरी तक विंटर ब्रेक रहेगी जबकि 21 से 26 जुलाई तक मानसून ब्रेक निर्धारित की गई है। इसके अलावा बिना बोर्ड वाली कक्षाओं का परिणाम 31 दिसंबर को घोषित किया जाएगा। ग्रीष्मकालीन स्कूलों में 11 से 16 जनवरी तक विंटर ब्रेक जबकि 22 जून से 29 जुलाई के बीच मानसून की छुट्टियां निर्धारित की गई हैं। इन स्कूलों में बिना बोर्ड वाली कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम 31 मार्च को घोषित किया जाएगा जबकि पहली अप्रैल से दाखिले किए जाएंगे। शिक्षा विभाग ने खेल गतिविधियों के लिए भी अलग से कलेंडर जारी किया है जिसमें ब्लॉक स्तर से राज्य स्तर की खेल प्रतियोगिताओं की समय सारिणी निर्धारित की गई है।

पौंग बांध

कांगड़ा ज़िले के पौंग बांध में जल्द ही जलक्रीड़ा गतिविधियां शरू की जाएंगी। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि पौंग बांध क्षेत्र में अब पर्यटक मोटरबोट की सवारी, क्रूज़, नौका अनुभव और रोमांचकारी राइड का लुत्फ उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि पौंग बांध क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और जलक्रीड़ा ऑपरेटर के चयन की औपचारिकताएं पूरी कर दी गई हैं। उपायुक्त ने कहा कि बांध के पानी को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए भी हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि मौसम विभाग ने 18 फरवरी से राज्य में वर्षा और बर्फबारी की संभावना जताई है। विभाग ने 22 फरवरी तक राज्य में मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान लगाया है। इस दौरान उंची चोटियों पर हिमपात जबकि अन्य इलाकों में वर्षा होने की संभावना है।